# बैडमिंटन में ज्ञान और विक्रम की जोड़ी जीती

शिमला। सेंटर ऑफ एक्सिलेंस संजौली कॉलेज में वीरवार को कॉलेज स्टाफ की बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कॉलेज के करीब बीस शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता ने किया। समापन समारोह में आईक्यूएसी के चेयरमैन डॉ. राजेश धौटा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। युगल मुकाबलों में डॉ. ज्ञान चंद सांगटा और डॉ. विक्रम भारद्वाज की जोड़ी विजेता जबकि मुनीत लखनपाल और योगेश सूद की जोड़ी उपविजेता रही। एकल मुकाबलों में डॉ. ज्ञान चंद सांगटा विजेता और राजेश शर्मा उपविजेता रहे। ब्यूरो

# धर्मशाला कॉलेज बना विजेता सुंदरनगर को मिला दूसरा स्थान



संजौली कॉलेज में विजेता टीम मुख्य अतिथि के साथ। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। राजकीय महाविद्यालय संजौली में इंटर कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता में धर्मशाला डिग्री कॉलेज की टीम विजेता रही। सुंदरनगर की टीम ने दूसरा और ढलियारा कॉलेज ने तीसरा स्थान पाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में एसजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नंद लाल ने विजेताओं को नवाजा। धर्मशाला कॉलेज की तीन खिलाड़ियों को बारह बारह हजार, दूसरे स्थान पर रही सुंदनगर की टीम की पांच सदस्य को नौ-नौ हजार, जबकि तीसरे स्थान पर रही ढलियारा कॉलेज की चार खिलाड़ियों को सात-सात हजार नकद राशि देकर पुस्कृत किया।

भाग लेने वाली सभी 65 महिला खिलाड़ियों को दो-दो हजार नकद के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नंद लाल ने इस दौरान प्रदेश के पांच कॉलेजों को बैडमिंटन के मैट देने की घोषणा की। संजौली कॉलेज में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पांच लाख देने की घोषणा भी की। समारोह के मुख्य अतिथि का कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीबी मेहता, आयोजन सचिव मनोज मेहता, उपाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने स्वागत किया। मनोज मेहता ने बताया कि दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में 15 कॉलेजों की 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**कांगड़ा के ढलियारा कॉलेज को प्रतियोगिता में मिला तीसरा स्थान**

## मंडी में होगी नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी स्पर्धा

शिमला। राजकीय मंडी कॉलेज में 3 से 6 जनवरी तक नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता होगी। 31 टीमें इसमें भाग लेंगी। विवि की ओर से इस संबद्ध में जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गई है। ब्यूरो